>

Title: Need to provide drinking water in Jaitaran in Rajasthan from Indira Gandhi Canal Project.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे लोक सभा राजसमंद (राजस्थान) के अंतर्गत जैतारण विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या है जो जल भूगर्भ में है वह भी फ्लोराइड युक्त है तथा उसकी मात्रा भी बहुत कम है। वर्तमान में सरकार ने इस क्षेत्र को पीने के पानी के लिए ""जवाई बांध"" से जोड़ने का प्रस्ताव रखा है। जवाई बांध से पूर्व में ही पाली जिले में अनेक जगह पानी देने की योजनाएं बनी हुई है जिससे इस दूरस्थ क्षेत्र को पानी उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा। इस संबंध में मेरा सरकार से आग्रह है कि जैतारण को इंदिरा गांधी नहर योजना से जोड़ा जाए क्योंकि इंदिरा गांधी नहर का पानी जैतारण क्षेत्र से लगे हुए नागोर एवं जोधपुर के क्रमशः जशनगर एवं खारिया तक पूर्व में ही आ चुका है।